दैनिक भास्कर
श्रीगंगानगर जिला भास्कर 31-01-2023

# कार्यशाला में योजनाओं की दी जानकारी

**केसरीसिंहपुर|** कृषि विपणन बोर्ड की ओर से खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में नए उद्यमी एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा खाद्य उद्यम उन्नयन योजना के तहत सोमवार को व्यापार मंडल में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विभाग के संयुक्त निदेशक शिव सिंह भाटी, योजना अधिकारी श्रवण कुमावत एवं मंडी समिति के सचिव दीपक अग्रवाल ने राज्य सरकार की ओर से संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर सरकार की ओर से दिए जाने वाले पूंजीगत अनुदान, आवेदन हेतु नि:शुल्क सहायता ट्रेनिंग के साथ तकनीकी सहायता के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। व्यापार मंडल के अध्यक्ष अनिल मोहता, पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष गौरीशंकर मित्तल, व्यापारी मनीष गोयल आदि व्यापारी शामिल हुए।